पावर ग्रिड कॉरपोरेशन सबसे ज्यादा करेगा निवेश, एएनएस डेवलपर्स भी तीन प्रोजेक्ट की कर रहा तैयारी

लखनऊ की 45 परियोजनाओं में 4460 करोड़ का निवेश होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ के 45 प्रोजेक्ट पर 4460.88 करोड़ रुपये का निवेश होगा। सबसे बड़ा 975 करोड़ का निवेश पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया करने जा रहा है। एएनएस डेवलर्स ग्रुप अपने तीन प्रोजेक्टों पर करीब 1125 करोड़ से ज्यादा निवेश कर रहा है। निवेशकों ने अपने प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को आईजीपी सभागार में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान हर जिलों में होने वाले निवेश की जानकारी दी गई। निवेशकों में हर तरह के समूह शामिल हैं। एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री के साथ मेडिकल उत्पाद तैयार करने वाले कारखाने लगेंगे। रीयल इस्टेट की कई कंपनियां भी लखनऊ में निवेश को उत्सुक हैं। एल्डिको भी 60 करोड़ का निवेश कर रहा है। कई एजुकेशन समूह भी अलग-अलग क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। महेश नमकीन समूह यहां 25 करोड़ की लागत से कारखाना लगाएगा। लॉजिस्टिक वेयर हाउस भी बनाए जाएंगे। एसआरएस हेल्थ केयर समूह भी शहर में 45 करोड़ का निवेश कर रहा है। इलेक्ट्रिकल उत्पाद तैयार करने वाली कंपनियां भी लखनऊ में कारखाने लगा रही हैं।

हजारों को को मिलेगा रोजगार :लखनऊ के इन 45 प्रोजेक्ट में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। कई औद्योगिक समूह और कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू कर दिया है। प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर निवेश की सहमति जताने वाले उद्यमी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मौजूद थे। कुछ ने अपने प्रोजेक्ट पर काम शुरू भी कर दिया है तो कुछ अब शुरू करेंगे। कार्यक्रम में शामिल उद्योग जगत से जुड़े लोगों का कहना था कि इतने बड़ा निवेश का असर दूरगामी होगा। हजारों लोगों के हाथ में रोजगार होगा तो शहर की तस्वीर भी बदलती दिखेगी।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के कारण लुलु माल भी चमकता नजर आया।

975 करोड़ रुपये पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया निवेश करने जा रहा है उत्तर प्रदेश में

शीर्ष दस निवेशक

पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन	975 करोड़
एएनएस डेवलेपर्स	405 करोड़
एएनएस डेवलेपर्स	400 करोड़
एएनएस डेवलेपर्स	325 करोड़
एरोलॉय टेक्नोलॉजी	320 करोड़
जीके आर्थोसिटी	250 करोड़
अमरावती रेजीडेंसी	225 करोड़
क्यू-लाइन बायोटेक	200 करोड़
प्रदोष डेवलेपर्स	200 करोड़
डीयूएसएस ग्रुप	124.17 करोड़

बदलते लखनऊ का मॉडल देखकर प्रधानमंत्री मुस्कुराए

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लुलु ग्रुप ने लखनऊ में बन रहे अपने मॉल का मॉडल प्रदर्शित किया है। लुलु ग्रुप के स्टाल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुआयना किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बुलाकर इसका मॉडल दिखाया। लुलु माल के प्रतिनिधि ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजनाथ सिंह से कहा कि यह है आपका लखनऊ। और फिर वह मुस्कुराने लगे। लुलु ग्रुप का मॉल सुशांत गोल्फ सिटी शहीद पथ मुख्य मार्ग पर बनकर तैयार है। जुलाई में इसका शुभारंभ होना है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि इसके शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा जा रहा है। जिस दिन मुख्यमंत्री का समय मिलेगा उसी दिन इसका शुभारंभ होगा। इसमें करीब 7 सिनेमा मल्टीप्लेक्स बनाए गए हैं। पहले लगभग 17 स्क्रीन की योजना थी लेकिन कोविड-19 के बाद सिनेमा की खराब स्थति को देखते हुए कंपनी ने 10 स्क्रीन कम कर दी है।

“ इस तरह के आयोजनों से उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतर माहौल बनेगा। पीएम एवं सीएम ने जो घोषणाएं की हैं अगर धरातल उनका क्रियान्वयन हो जाए तो एमएसएमई सेक्टर में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

- अशोक अग्रवाल, आईआईए



“ आने वाले समय में तस्वीर बदलने में इसका अहम योगदान दिखेगा। 2018 में इनवेस्टर्स समिट में आनन्दी मैजिक वर्ल्ड वॉटर पार्क का प्रस्ताव दिया था जो अब लखनऊ-उन्नाव सीमा पर धरातल पर उतर चुका है।

पकंज अग्रवाल, एमडी, आनन्दी ग्रुप

“ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। पिछली सेरेमनी में आए निवेश का प्रदेश सरकार ने बेहतरीन तरीके से मैनेजमेंट कर विकास के नए द्वार खोले हैं।

- विनम्र अग्रवाल, चेयरमैन, सीआईआई यूपी स्टेट काउंसिल

“ पिछले पांच वर्षो में जिस प्रकार प्रदेश में कानून व्यवस्था, बिजली बेहतर हुई है और एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है उससे निवेशक आकर्षित होंगे। प्रदेश के विकास का आधार निवेश पर निर्भर करता है।

- शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष, स्माल इंडस्ट्री मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन